<u>प्रेस नोट</u>

<u>दिनांक 28.02.2026, थाना वजीरगंज</u>

<u>जनपद गोण्डा।</u>

<u>थाना वजीरगंज क्षेत्र अन्तर्गत हुई मारपीट व लूट की घटना का सफल अनावरण, 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद मोबाइल व एक अदद चारपहिया वाहन की चाबी एवं घटना में प्रयुक्त 01 अदद ह्युण्डई वेन्यू कार बरामद-</u>

<u>कार्यवाही-</u>

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में गठित थाना वजीरगंज पुलिस टीम की कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत मु0अ0सं0-77/2026, धारा 115(2), 352, 351(3), 309(6), 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तगण 01. शिवमधर दुबे पुत्र राजेशधर दुबे 02. आलोकधर दुबे पुत्र अखिलानन्द धर दुबे 03. शिवेन्द्र चतुर्वेदी पुत्र शरद कुमार को ग्राम कालेसर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 अदद मोबाइल व 01 अदद चारपहिया वाहन की चाभी एवं घटना में प्रयुक्त 01 अदद ह्युण्डई वेन्यू कार (UP53EZ7008) बरामद किया गया।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>

दिनांक 26.02.2026 को वादी श्री शिवपाल पुत्र रामदीन निषाद निवासी ग्राम नैपुरिया बहादुरा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज पर लिखित तहरीर दी गयी की दिनांक 25.02.2026 को वे रात करीब 10.30 बजे अयोध्या से अपनी कार से वापस घर आ रहे थे कि रास्ते में टिकरी बाजार तिराहा के पास रास्ते के संकरा होने के कारण अपनी कार खड़ी करके सामने से आ रही कार से साइड मांगी तो उसमें बैठे व्यक्ति जे नशे में थे उनके द्वारा गाली गलौज व मार पीट की गई तथा जान से मारने की धमकी देते हुए वादी के दो मोबाइल व कार की चाभी लेकर फरार हो गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज में मु0अ0सं0-77/2026, धारा 115(2), 352, 351(3), 309(6), 317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत हुआ था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के पर्यवेक्षण में टीमों का गठन कर घटना के अनावरण हेतु लगाया गया था। आज दिनांक 27.02.2026 को थाना वजीरगंज की पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत अभियुक्तगण 01. शिवमधर दुबे पुत्र राजेशधर दुबे 02. आलोकधर दुबे पुत्र अखिलानन्द धर दुबे 03. शिवेन्द्र चतुर्वेदी पुत्र शरद कुमार को ग्राम कालेसर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 अदद मोबाइल व 01 अदद चारपहिया वाहन की चाभी एवं घटना में प्रयुक्त 01 अदद ह्युण्डई वेन्यू कार (UP53EZ7008) बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना थाना वजीरगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

01. शिवमधर दुबे पुत्र राजेशधर दुबे निवासी ग्राम सरार मंझगवां थाना झंगहा जनपद गोरखपुर।
02. आलोकधर दुबे पुत्र अखिलानन्द धर दुबे निवासी ग्राम सरार मझगवां थाना झंगहा जनपद गोरखपुर।
03. शिवेन्द्र चतुर्वेदी पुत्र शरद कुमार निवासी ग्राम सरार मझगवां थाना झंगहा जनपद गोरखपुर।

<u>अनावरित अभियोग-</u>

01. मु0अ0सं0- 77/26 धारा 115 (2), 352,351 (3),309(6),317 (2) बीएनएस थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

<u>बरामदगी-</u>

01. घटना में प्रयुक्त 01 अदद ह्युण्डई वेन्यू कार (UP53EZ7008)
02. 02 अदद एण्ड्रायड मोबाइल
03. 01 अदद चार पहिया वाहन की चाभी

<u>गिरफ्तारकर्ता टीम-</u>

01. उ0नि0 प्रभाकर पाण्डेय व मय हमराही हे का, का०
02. उ0नि0 वीरेन्द्र यादव
03. हे0का0 शशिकान्त सिंह
04. का0 भूपेन्द्र प्रताप

<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>

प्रेस नोट
दिनांक 28.02.2026

जनपद पुलिस से अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने वाले 03 उपनिरीक्षक हुए सेवानिवृत्त, रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शॉल व फूलमाला पहनाकर उज्ज्वल भविष्य की दी गई शुभकामनाएं-

आज दिनाँक 28.02.2026 को जनपद गोण्डा पुलिस से 03 उपनिरीक्षक अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए । इस दौरान रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पश्चिमी श्री राधेश्याम राय द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल व फूल-माला पहनाकर छाता व अन्य धार्मिक पुस्तकें भेंट कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर विदा किया गया । महोदय ने सेवानिवृत्ति के उपरांत भी उनके द्वारा पुलिस विभाग का यथासंभव सहयोग करने की अपेक्षा की गयी तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी।
इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारीजन तथा अन्य पुलिस कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों का विवरण-
01- उ0नि0ना0पु0 श्री त्रिपुरारी ओझा,
02- उ0नि0नि0पु0 श्री मायाराम,
03- उ0नि0ना0पु0 श्री अभिमन्यु

मीडिया सेल गोण्डा।